## खबर संक्षेप



### फोन रिसीव नहीं करने पर किया हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** मोबाइल फोन रिसीव नहीं करने पर प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 307, 34 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि चिंगरी पारा सुपेला निवासी अमन साहनी मोहल्ले में टहल रहा था। इस दौरान पांच रास्ता पटेल होटल के सामने रहने वाल राजेन्द्र सिन्हा उर्फ सोनू समेत अन्य के साथ आकर फोन नहीं रिसीव करने को लेकर जान से मारने की नियत से चाकू से प्राण घातक हमला कर दिया। घटना में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। शिकायत के बाद सुपेला टीआई राजेश मिश्रा अपनी टीम के साथ आरोपी को पकड़ने के लिए जुटे रहे। राजेन्द्र सिन्हा को पकड़कर पूछताछ करने पर अपने एक अपचारी मित्र के साथ मिलकर चाकू से हमला करना स्वीकार किया। पुलिस ने चाकू जब्त किया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी की चोरी

**भिलाई।** मकान में ताला जड़कर रायपुर गए परिवार के यहां चोरी हो गया है। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि शैल शुक्ला की दोनों बेटियां अयोध्या राम मंदिर देखने गई हुई थी। घर पर पीड़िता अकेली होने के कारण मकान में ताला जड़कर रायपुर अपनी मौसी के घर गई हुई थी। रायपुर से घर लौटने पर देखा तो मकान का ताला टूटा पड़ मिला। सामान बिखरा पड़ा था।अज्ञात ने आलमारी का ताला ,लाकर से सोने का मंगलसूत्र, चांदी का पायल, बिछिया , चांदी का सिक्का, नगदी 3 हजार रुपए गायब मिले। इसके अलावा एलईडी, सेटअप बाक्स समेत अन्य सामान चोरी हो गया। जिसकी कीमत 70 हजार रुपए आंकी गई है।

### नेहरु के बाद हैट्रिक मारने वाले मोदी पहले पीएम : प्रेमप्रकाश

**भिलाई।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय ने भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की जीत को ऐतिहासिक निरुपित करते हुए कहा है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार बनने जा रही है। उन्होंने चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि देश में आजादी के बाद संसदीय इतिहास में पं. जवाहरलाल नेहरु के बाद पहली बार मोदी के रुप में किसी प्रधानमंत्री पर जनता ने विश्वास व्यक्त किया है। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व और चार महीने की मेहनत से एनडीए गठबंधन तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। श्री पांडेय ने कहा कि भाजपा की कम सीटों को लेकर हमारी पार्टी पर तंज कसने वाले कांग्रेस गठबंधन को खुद एनडीए से कम सीटें मिली हैं। खुद कांग्रेस को 40 से सैकड़ा पहुंचने में पसीना छूट गया।

**आयोजन :** विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न स्थानों पर लगाए गए पौधे, वक्ताओं ने देखरेख पर दिया जोर

# पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधे लगाना उनकी देखभाल व सुरक्षा करना बहुत जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम लाटाबोड़ एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड ग्राम पैरी

■ कलेक्टर व जिपं सीईओ ने लाटाबोड़ व ग्राम पैरी में लगाए पौधे

पहुँचकर अमृत सरोवर के किनारे पौधे रोपे।

उन्होंने ग्राम लाटाबोड़ में बरगद और पीपल तथा ग्राम पैरी में अशोक और जामुन के पौधे रोपकर उसकी देखभाल व सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पैरी में ग्रामीणों के बीच बैठकर उनसे पर्यावरण की सुरक्षा हेतु बड़ी संख्या में फलदार व छायादार पौधारोपण करने और उसका नियमित रूप से देखभाल करने प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने ग्राम के अमृत सरोवर का अवलोकन कर वहाँ रिक्त स्थानों में वृक्षारोपण संबंधितों को निर्देश भी दिया। इसी प्रकार जिले के विभिन्न विभागों द्वारा अलग–अलग जगहों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, आयुष विभाग के अलावा जिला प्रशासन द्वारा गुरूर विकासखण्ड में चल रहे जल संरक्षण पखवाड़ा के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारियों ने ग्राम पंचायतों में निःशुल्क पौधा वितरण हेतु पर्यावरण संरक्षण जन चेतना रथ को रवाना किया गया।







## वार्ड क्रमांक 6 में लगाए गए पौधे



**डौंडीलोहारा।** नगर के वार्ड क्रमांक 06 में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद माया जयेश ठाकुर, पर्यवेक्षक ज्योत्सना वर्मा त्रिपाठी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजूषा पांडे तथा हेमिन सिन्हा सहित वार्ड के खेमन यादव, ललित पटेल ,दीपक पटेल ,तामेश्वर तथा चूमेंद्र साहू सहित अन्य लोग शामिल रहे।

उक्त अवसर पर पार्षद माया जयेश ठाकुर ने कहा कि हम सभी लोगों का प्रथम और मौलिक कर्तव्य है कि हम सभी पौधारोपण कर अपने निवास, क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही गर्मी के वातावरण पर काबू पाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी से निजात पाने की दिशा में पौधारोपण कार्य करना होगा।

उन्होंने पौधे लगाने के साथ ही उनकी रक्षा के उपाय करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना सरल है, पर उनकी रक्षा करना उतना सरल नहीं है। इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम सभी आवश्यक रूप से पौधे लगाएं और उनकी देखभाल और रक्षा करें ताकि वह पेड़ बन सके और समाज के लोगों के काम आए।

## शासकीय विद्यालय विनायकपुर में विश्व पर्यावरण दिवस पर हुईं स्पर्धाएं



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जूनियर रेडक्रॉस के स्वयंसेवकों ने पर्यावरण की रक्षा करने के लिए वॉलिंटियर्स की ओर से चित्रकला, निबंध व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम भावना निर्मलकर 10 वीं, द्वितीय संध्या देशमुख 11वीं, तृतीय प्रतीक्षा ठाकुर 11वीं, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम याचना देवांगन 10वीं, द्वितीय भेनु देवांगन 11वीं, तृतीय सोनम पटेल 10वीं व स्लोगम में प्रथम ईशा 11वीं रही। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागी बच्चों ने बताया कि पर्यावरण की रक्षा करना हमारे लिए कितना आवश्यक है। पर्यावरण के बिना हमारा अस्तित्व अधूरा है। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख मंजीत सिंह राजपूत, रेडक्रॉस प्रभारी प्रेमलता योगी, संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार, दीपमाला यादव, मीरा, प्राची, मानसी, चांदनी, पलक, रीतू रही एवं समस्त स्टॉफ ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

## पिरीद पंचायत प्रांगण में रोपे गए पौधे

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत पिरीद में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को पंचायत प्रांगण में पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम में सरपंच अवध राम साहू पंच अजय निर्मलकर सक्रिय महिला त्रिवेणी साहू रूपमती मांडवी ललिता साहू रोजगार सहायक चेमन चंद्राकर द्वारा पौधारोपण किया गया। सरपंच अवधराम साहू ने कहा कि आज बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति खतरे में है। प्रकृति जीवन जीने के लिए किसी भी जीव को हर जरूरी चीजें उपलब्ध कराती है। ऐसे में अगर प्रकृति प्रभावित होगी, तो जीवन भी प्रभावित होगा। इस दिन लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाता है और प्रकृति को प्रदूषित होने से बचाने के लिए प्रेरित किया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री साहू ने कहा कि प्रकृति में संतुलन को बनाए रखने के लिए पौधारोपण अनिवार्य है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## मड़ियाकट्टा स्कूल में बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश



**डौण्डीलोहारा।** आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बच्चों को विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन लोगों के जीवन और स्वास्थ्य को कई तरह से प्रभावित करता है। सुरक्षित पेयजल, स्वच्छ वायु, पोषक तत्व से भरपूर भोजन की आपूर्ति और रहने के लिए सुरक्षित स्थान भी खतरे में है, और



यह वैश्विक स्वास्थ्य में दशकों की प्रगति को कमजोर कर सकता है। प्रधानपाठक श्री पिकेश्वर ने बच्चों एवं ग्रामीणों को प्रेरित करने के उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर शाला परिसर में पौधारोपण कर एवं बच्चों को चित्रकला के माध्यम से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी सुरक्षा करने की शपथ दिलाई गई।

## स्काउट-गाइड्स ने मुक्तिधाम में लगाए पौधे



**बालोद।** भारत स्काउटस एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ बालोद में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के मार्गदर्शन में एवं जिला शिक्षा अधिकारी जिला बालोद पीसी मरकले के निर्देशन में जिला सचिव केएल गजेंद्र एवं जिला संगठन आयुक्त प्रेमलता चंद्राकर के नेतृत्व में मुक्तिधाम बालोद में पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा एवं वरिष्ठ कब मास्टर भोला राम साहू व वाईपी गांगुली के आतिथ्य में हरित भविष्य की यात्र, भूमि का पूर्णोद्धार, मरुस्थलीकरण और सुखे से निपटारण तथा हमारा भूमि, हमारा भविष्य पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर एलटी कब मास्टर वाईपी गांगुली, डीटीसी भुवन सिन्हा, स्काउटर भोलाराम साहू, डीडी साहू, किशोर मेहरा, जिला सचिव केएल गजेंद्र, डीओसी प्रेमलता चंद्राकर ने अपने विचार प्रकट किये। सभी ने ग्लोबल वार्मिंग एवं भीषण गर्मी से राहत के संबंध में चर्चा की। सभी ने स्काउट गाइड के माध्यम से अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समस्त विकासखंड सचिव रूपेंद्र सिन्हा, चंद्रशेखर दिल्लीवार सेवाराम प्रेमन, डीडी साहू, छगन बंसोर तथा संयुक्त सचिव गायत्री साहू, धनेश्वरी साहू, तनुजा बंजारेलिली पुष्पा, नोम साहू व वरिष्ठ गाइडर मधुमाला कौशल, रामेश्वरी चौधरी, बसंती पीकेश्वर तथा जिले भर से लगभग 60 स्काउटर गाइडर एवं 12 सर्विस रोवर रेंजर सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बालोद सीएमओ सौरभ शर्मा तथा उनके स्टाफ का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन बालोद विकासखंड सचिव रूपेंद्र सिन्हा और सीनियर रोवर लीडर नेमसिंह साहू ने किया।

## पौधे लगाएं और उनकी रक्षा का उपाय भी जरूर करें : ठाकुर



**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ईको क्लब व जूनियर रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। प्रभारी प्राचार्य लूणकरण ठाकुर ने कहा कि बच्चों व शिक्षकों का मौलिक कर्तव्य है कि वे विद्यालय परिसर को हरा-भरा करके इस ग्लोबल वार्मिंग अर्थात बढ़ते हुए गर्मी से निजात पा सके, हम सबको पेड़ पौधों का रोपण करने के साथ-साथ उनके रक्षा के उपाय पर भी विचार करना चाहिए क्यों कि पौधे लगाना सरल है पर उनकी रक्षा करना उतना सरल नहीं है। सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई देते हुए, ईको क्लब व जूनियर रेडक्रॉस के बच्चों व प्रभारियों का साधुवाद व्यक्त करते हुए इस अनुकरणीय प्रयास के लिए धन्यवाद प्रेषित किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा सभी देशवासियों से आग्रह किया गया कि सभी पेड़ लगाये व इनके रक्षा हेतु प्रयास करें और बढ़ते हुए गर्मी से मानव ही नहीं अपितु सभी जीव-जंतुओं, पशु-पक्षियों को भी इस भीषण गर्मी से निजात दिलाने में अपनी सहभागिता प्रदान करें। कार्यक्रम में ईको क्लब प्रभारी रवीन्द्रनाथ योगी व जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी सौरभ शर्मा सहित सभी हायर व मिडिल स्कूल के विद्यालयीन स्टॉफ व बच्चे उपस्थित थे।

■ शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मना पर्यावरण दिवस

### मोदी की नीतियों की जीत : गजेन्द्र

**दुर्ग ।** दुर्ग शहर के विधायक गजेंद्र यादव ने दुर्ग संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल की प्रचंड मतों से जीत को क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व लोकसभा के सभी मतदाताओं व कार्यकर्ताओ को मोदी की नीतियों की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन से छत्तीसगढ़ में चहुमुखी विकास हो रहा है इसी का परिणाम है की देश की उन्नति और तरक्की के लिए जनता ने फिर से भाजपा सरकार बनाने को लेकर भरोसा जताया । दुर्ग सहित 10 लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशियों ने प्रचंड मतों स से जीत दर्ज की है।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों में जागरुकता लाने निकाली गई रैली



**बालोद।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर बालोद वनमंडल द्वारा वनमण्डलाधिकारी बालोद के निर्देश में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता लाने के लिए जिला स्तर पर रैली निकाली गई। विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों ने श्रमदान कर पर्यावरण को हानि पहुंचाने वाली प्लास्टिक सामग्रियों को संग्रहित कर सुरक्षित तरीके से निपटान किया। इस अवसर पर पर्यावरण पार्क, बालोद में वन अमला द्वारा विभिन्न प्रजाति के फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए तथा लोगों को भी अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी, बालोद तथा उपवनमंडलाधिकारी बालोद, दल्ली ने उपस्थित सभा को संबोधित कर पर्यावरण की सुरक्षा, पौधारोपण तथा बढ़ते जलवायु परिवर्तन, मृदा कटाव आदि को नियंत्रित करने संबंधी सुझाव दिया। इसके साथ ही गिरते भूजल स्तर में वृद्धि एवं पर्यावरण के संतुलन में पौधों के महत्व के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में वनमंडल के वन परिक्षेत्र अधिकारी, क्षेत्रीय एवं कार्यालयीन अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है




